# Experiential Learning





**RAWE Programe Training By Agriculture Students**


सरस
भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
INDUSTRIAL VISIT
NATIONAL PHARMACY WEEK – 2022
FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
MEWAR UNIVERSITY
INDUSTRIAL VISIT
NATIONAL PHARMACY WEEK – 2022
FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES
MEWAR UNIVERSITY
GPS Map Camera
Chittorgarh, Rajasthan, India
2JMP+675, Chittorgarh, Rajasthan 312901, India
Lat 25.031986°
Long 74.635382°
15/11/22 02:07 PM GMT +05:30


NATIONAL PHARMACY WEEK – 2022
GPS Map Camera
Chittorgarh, Rajasthan, India
VJPV+P38, Uparala Para, Chittorgarh, Rajasthan
312001, India
Lat 24.886742°
Long 74.642435°
01/10/22 11:37 AM GMT +05:30
Google








# मेवाड़ विश्वविद्यालय के मैनेजमेन्ट संकाय के विद्यार्थियों ने किया नितिन स्पीनर्स का औद्योगिक भ्रमण



**▪दास्ताने भीलवाड़ा @ चित्तौड़गढ़**

मेवाड़ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड कॉमर्स के विद्यार्थियों ने नितिन स्पीनर्स, बेगूं का औद्योगिक भ्रमण किया। नितिन स्पीनर्स के मानव संसाधन प्रबन्धक अजय शर्मा द्वारा कराए गए अवलोकन के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कपड़ा निर्माण के लिये उपयोग में आने वाली विभिन्न मशीनों एवं सम्पूर्ण प्रक्रियाओं को बारीकी से बताया। उन्होने विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कपड़ा निर्यात के बारे में फैक्टरी परिसर से विदेशों तक माल पहुंचाने एवं मार्केटिंग के विभिन्न पहलूओं को समझाया। विद्यार्थियों ने इस प्रक्रिया को जानने में बड़ी उत्सुकता व जिज्ञासा दिखाई। कम्पनी के मैनेजर ने विद्यार्थियों का अलग से ट्रेनिंग सेशन लिया और कम्पनी में प्लेसमेन्ट का आश्वासन भी दिया।

कुलपति प्रो. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट विभाग के निदेशक हरीश गुरनानी के निर्देशन में यह औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह औद्योगिक भ्रमण विभागाध्यक्ष राजेश भट्ट, सहायक प्राध्यापक राज सिंह विक्रम सिंह के संयोजन में किया गया। इस विजिट में बीबीए, एमबीए, बीकॉम एवं बीबीए-एलएलबी के विद्यार्थी शामिल थे।





**Industrial Visits in varous industry**





**KVK Visit**



**Laboratory Experiments**




**Lab Experiment by Experts**








**Project Based Activities**

## Participative Learning



**Hands On Training**





**Survey Camp By B.Tech Civil Engineering Students**



**Role Playing**



**Group Based Activity**



राजस्थान दर्शन

प्रादेशिक

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में मार्केटिंग एंड स्किल्स फॉर हाई परफॉर्मेंस विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ शुरू

## नेपाल के बैंक अधिकारी प्रशिक्षण में ले रहे है भाग

राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़/गंगरार।** किसी भी बैंकिंग सिस्टम के आधारभूत कड़ी ग्राहक होते है इसलिये बैंको को ग्राहको से मधुर सम्बन्ध बनाये रखने चाहिए। उक्त बातें मेवाड़ विश्वविद्यालय में मार्केटिंग एण्ड स्किल्स फॉर हाई परफोमेन्स विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की पूर्व निदेशक माधवी शर्मा ने कही। उन्होने ने आगे कहा कि आप ग्राहकों की भावनाओं को समझेंगे तो ग्राहकों के साथ-साथ बैंको की ग्रोथ होगी। बैंकिंग के मूल सिद्धान्तों के बारे में प्रशिक्षण देते हुऐ उन्होने कहा कि कस्टमर सपोर्ट सिस्टम को हमें उच्च प्राथमिकता में रखना चाहिए। साथ ही किसी गम्भीर मसले के हल के लिये आन्तरिक लोकपाल की भी व्यवस्था करनी चाहिए। इसके साथ ही समय-समय पर ग्राहकों के साथ सम्बन्ध स्थापित करते रहना चाहिए। इसके पूर्व संगम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. करूणेश सक्सेना ने मार्केटिंग और एडवर्डटाईजिंग के खतरे से आगाह करते हुए ग्राहकों में लगातार विश्वास बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होने अपने एक घण्टे के तकनीकी सत्र में भारतीय बैंकिंग व्यवस्था के महत्वपूर्ण पहलूओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने नेपाल से आये हुए सभी बैंकिंग अधिकारियों का स्वागत करते हुए मार्केटिंग का मतलब समझाया। उन्होने कहा कि असल मार्केटिंग वो नहीं है जिसमें हम बिना सोचे समझे केवल विज्ञापनों पर धन खर्च करदें बल्कि विश्व समुदाय के समक्ष खुद को एवं अपने उत्पाद को कुशलता के साथ प्रस्तुत कर सकते है। कुलपति प्रो. आलोक मिश्रा ने कहा कि सरकार ही नहीं बल्कि इसके साथ-साथ देश के समस्त नागरिक मिलकर देश का निर्माण करते है। हम सबको एकजुट होकर अपनी और राष्ट्र की उन्नति के लिये लगातार प्रयास करते रहने होंगे। उन्होने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों बल्कि समस्त नागरिकों को वित्तीय जागरूकता प्रदान करेंगे। स्वागत भाषण देते हुए प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने कहा कि बैंकिंग फाईनेन्स एण्ड इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट, नेपाल और मेवाड़ विश्वविद्यालय की यह संयुक्त पहल दोनो देशो के बैंकिंग सिस्टम के महत्वपूर्ण पहलूओं को साझा करने का सुअवसर है। बैंकिंग फाईनेन्स एण्ड इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट, नेपाल की टीम का नेतृत्व कर रही वर्षा थापा ने बिफिन का परिचय देते हुऐ कहा कि यह संस्था नेपाल की सार्वजनिक संस्था है जो लोगों में बैंकिंग और फाईनेन्स से सम्बन्धित जागरूकता लाने के लिये प्रशिक्षण प्रदान करती है। प्रशिक्षण के उपरान्त केवाईसी, पीपीएफ, यूपीआई से सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। संचालन डॉ. गंगा बिस्वा, एवं गरिमा गर्ग ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वन्दना, कुलगीत तथा समापन नेपाल और भारत के राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. (डॉ.) सर्वोत्तम दीक्षित, अकादमिक निदेशक डी.के. शर्मा, प्सेलमेन्ट निदेशक हरिस गुरनानी सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**Drone Training**



## ड्राइवर को नींद से जगाने के लिए छात्रों ने इजाद की नई तकनीक

# मेवाड यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को टेक स्किल एक्सपो जुगाड मेला में मिला दूसरा स्थान

डूंगरार। भीलवाडा स्थित संगम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर-यूनिवर्सिटी टेक स्किल एक्सपो जुगाड मेला में मेवाड यूनिवर्सिटी की टीम उपविजेता बनीं। एक्सपो में विभिन्न विश्वविद्यालयों की 132 टीमों ने भाग लिया। मेवाड यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।2 मई को आयोजित एक्सपो में मेवाड यूनिवर्सिटी के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग से थर्ड ईयर के 3 स्टूडेंट्स की टीम मूसा जिब्रिला, माजेन हमीद और इशियाकु हारुना साजो ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (ह्रह) तकनीकी पर आधारित अपना मॉडल प्रदर्शित किया था। जिसमें स्टूडेंट्स ने बताया कि विश्व में अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं चालक के अचानक नींद आने पर होती हैं। छात्रों ने अपने मॉडल के द्वारा इसमें यह दिखाया कि यदि अचानक चालक को नींद आ जाए तो उसे कैसे चेतन अवस्था में लाया जा सकता है ताकि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों से बचाव किया जा सकें। एक्सपो में आए जजेस और अन्य प्रतिभागियों ने भी इस मॉडल की खूब सराहना की।

स्टूडेंट्स ने यह मॉडल बीटेक (ईसीई) विभाग के प्रमुख श्री रितेश कुमार ओझा के मार्गदर्शन में और डीन इंजिनियरिंग डॉ. आर. राजा, डिप्टी डीन इंजिनियरिंग कपिल नाहर, डीन एकेडमिक्स डी.के. शर्मा और बीटेक (ईई) विभागाध्यक्ष दीपक जोशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मेवाड यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ अशोक कुमार गदिया ने विजयी टीम को शुभकामनाए देते हुए कहा कि इस प्रकार के टेक्निकल इवेंट में भाग लेने से जूनियर स्टूडेंट्स को भी प्रेरणा मिलती है और इससे स्टूडेंट्स में अन्वेषण की योग्यता विकसित होती है। वाइस चांसलर डॉ. आलोक मिश्रा ने भी इस मौके पर स्टूडेंट को हार्दिक बधाई दी।

**Tech Expo Jugaad Mela**




**3D Printer Training**



**Group Discussion by Law Students**



**Group Discussion by Electrical Engineering on Solar Energy**

# कृत्रिम बुद्धिमता ही है दुनिया का भविष्यः डॉ. अनिता सिंह

## मेवाड़ विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स पर आयोजित हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अंतरराष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी



न्यूज ज्योति

**चित्तौड़गढ़।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता ही दुनिया का भविष्य है। आज हमारे जीवन में हर तरफ कृत्रिम बुद्धिमत्ता देखने को मिल रही है। इसने मनुष्य के जीवन को आसान बना दिया है। उक्त बाते डीआरडीओ की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता सिंह ने मेवाड़ विश्वविद्यालय में आयोजि आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स के अनुप्रयोग विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होने कहा कि आज हमें इसके अनुप्रयोगों पर खासा ध्यान देने की आवश्यकता है। आईटी रूड़की के शोधार्थी सौरभ कुमार ने आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स से भावनाओं को नियन्त्रण करने की तकनीक पर विस्तार से बात की। इस दौरान विज्ञान के मौलिक सिद्धान्त विषय पर अंतराष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। इसमें 20 देशो के 35 विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर शाकिब रशीद, दूसरे स्थान पर मोहम्मद हसीब और तीसरे स्थान ध्रुवलोचन राणा रहे। स्वागत भाषण डीन इन्जीनियरिंग आर.राजा ने दिया। संचालन विद्यार्थी ताहिर एवं धन्यवाद ज्ञापन संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी के संयोजक लोन फैसल ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वन्दना एवं कुलगीत तथा समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) चित्रलेखा सिंह, प्रो. (डॉ.) सुर्दशन, प्रो. आर.एस. राणा, डॉ. गुलजार अहमद, डॉ. शुभदा पाण्डेय, बी.एल. पाल, वन्दना चुण्डावत, निरमा शर्मा, सूरज कुमार, दीपक जोशी, आयुष कुमार, शादाब खान, जफर खान, लवीना चपलोत, अंजली त्रिपाठी, रूकमिनी, मनु जमीलु इदरिश, अब्दुल रजाक, टेक्नीकल टुडे की टीम सहित अन्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**National Seminar on Artificial Intelligence**




**All India Shri Nandlal Gadiya Memorial Debate**

## Problem Solving Activities





**Moot Court Case Solving Activities**


GPS Map Camera
Chittaurgarh, Rajasthan, India
2JMM+FRV, Rajasthan 312901, India
Lat 25.033422°
Long 74.635705°
16/08/22 11:15 AM



**Case Study**